हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 फरवरी 2025

12 काजलहेड़ी के युवक की 20 दिन पहले हुई हत्या, 3 युवक काबू...



12 हाथापाई के बाद एक-दूसरे के खिलाफ धरने पर बैठे दुकानदार...



जो कहा वो किया
समाज को वापिस दिया

फीस को 50% से 70% तक कम किया
कम फीस में एक्सपर्ट्स से पढ़ें

YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

यदुवंशी शिक्षा निकेतन

JEE Main 2025 Result
Outstanding Results Yet Again!



99.96 %ile
Nishant Sh. Karan Singh

BLOCKBUSTER RESULT

SMILES of SUCCESS from Yaduvanshi

Meet our Toppers

| Name | Parent | %ile |
|---|---|---|
| MANISH YADAV | SH. Ramkishan | 99.88 |
| DIVAY YADAV | SH. Surender Kumar | 99.87 |
| DEEPANSHU | SH. Manjeet Singh | 99.69 |
| KESHAV | SH. Dinesh Kumar | 99.54 |
| AMAN | SH. Rajesh Kumar | 99.38 |
| ANUJ | SH. Vinod Kumar | 99.37 |
| ARUN | SH. Dharam Dutt | 99.28 |
| JATIN | SH. Naresh Yadav | 99.12 |

ABOVE 90%ile 95 Students

WE ARE PROUD OF YOU

| Name | Parent | %ile |
|---|---|---|
| JAI SARSWAT | SH. RAMAVTAR | 98.95 |
| VISHANT | SH. Ashok Kumar | 98.82 |
| MUSKAN GARG | SH. Rakesh | 98.73 |
| DIVYANSHU | SH. Mohan Lal | 98.62 |
| SHWET | SH. Kashmir Singh | 98.48 |
| KAPIL | SH. Dhirender Kumar | 98.40 |
| RITIKA | SH. Ved parkash | 98.38 |
| SAHIL SONI | SH. Praveen Kumar Verma | 98.28 |
| SIDHARTH | SH. Pawan Kumar | 98.20 |
| MOHIT KUMAR | SH. Mahaveer | 97.97 |
| ANUJ | SH. Rajesh Kumar | 97.81 |
| PRIYANSHI | SH. Hanuman Singh | 97.69 |
| VINIT | SH. Mr. Vikram | 97.69 |
| DIYA | SH. Devender Kumar | 97.69 |
| ANGEL | SH. Mr. Yogesh | 97.54 |
| BHAVESH KUMAR | SH. Om Prakash | 97.48 |
| MILAN GOYAL | SH. Mukesh Goyal | 97.08 |
| ANKIT DHAHIYA | SH. Manjeet Kumar | 96.69 |
| SAHIL KUMAR | SH. Anil Kumar | 96.69 |
| GAVYANSHI YADAV | SH. Vijay Singh | 96.42 |
| MILAN | SH. VIRAM SINGH | 96.02 |
| TRIPTI | SH. Mr. Sandeep Kumar | 95.99 |
| GEETIKA YADAV | SH. Dushyant Kumar Yadav | 95.15 |
| MOHIT | SH. Chanderpal | 95.15 |
| PRINCE | SH. Subhash | 94.95 |
| CHHAVIKANT | SH. MANMOHAN | 94.95 |
| DEEKSHA YADAV | SH. Subhash Chand | 94.74 |
| PIYUSH | SH. JITENDER KUMAR | 94.52 |
| YATHARTH RATN | SH. Hanumant Singh | 94.24 |
| AMAN GOYAL | SH. Bhunesh Kumar | 94.16 |
| AMAN RAJ | SH. RAJESH KUMAR YADAV | 93.88 |
| HARSH | SH. PRADEEP KUMAR | 93.53 |
| VIVEK | SH. Mr. Sunder Singh | 93.37 |
| ANUJ | SH. Anoop | 93.33 |
| RISHABH KUMAR | SH. Manoj Kumar | 92.95 |
| PURUSHOTAM S | SH. Surender Singh | 92.74 |
| KARTIK YADAV | SH. SATISH KUMAR YADAV | 92.69 |
| SHIVANI | SH. Sunil Kumar | 92.12 |
| KUNAL | SH. Arun Kumar | 92.01 |
| KUMKUM | SH. HARPAL SINGH | 91.96 |
| KALPANA | SH. Mahesh Kumar | 91.91 |
| LOKESH | SH. Hanuman | 91.78 |
| YOGESH | SH. Paramvir | 91.76 |
| NAVNEET | SH. Virender Singh | 91.61 |
| ABHIJEET | SH. Vikash | 91.41 |
| RAHUL | SH. Vijay Kumar | 91.34 |
| ARYAN | SH. Sudesh | 90.88 |
| YOGESH | SH. SURENDER | 90.62 |
| RUPESH | SH. DEEPAK | 90.52 |
| RIYA | SH. Mr. Nasib | 90.41 |
| MAYANK YADAV | SH. Shri Bhagwan | 90.15 |
| SHAKSHI | SH. Sunil Kumar | 90.10 |
| PRIYANSHU | SH. Rajesh Kumar | 90.05 |
| GARIMA | SH. Ashok Khola | 90.00 |
| RAKXIT | SH. Sandeep Kumar | 90.00 |

& many more...

Heartiest CONGRATULATIONS!!!

Yaduvanshi Celebrates Unprecedented Success yet again!



राव बहादुर सिंह
चेयरमैन यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक नांगल चौधरी

ADMISSION OPEN
For Kids to XII 2025-26

AC Hostel Facility for Boys & Girls

OUR CAMPUSES: Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384
Gurugram Sec.33: 9053905381 | Rewari: 8901167461 | Satnali: 9812330666 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kosli : 9053002458 | Hansi : 9053905366 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134

Follow us:

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने सुनीं नागरिकों की शिकायतें

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को एसडीएम राजेश कुमार ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याएं रखी, जिसमें राजस्व, बिजली, पानी, सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों की सेवाओं से जुड़ी शिकायतें रखी ।

### चोरी के मामले में तीन युवकों को किया काबू

**रतिया।** रतिया पुलिस ने किरयाणे की दुकान में चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार करन में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान संदीप उर्फ सिपी पुत्र दर्शन सिंह, सैलेन्द्र उर्फ बंगु पुत्र सुरता राम व विनोद पुत्र भगवान दास निवासी अरोड़ा कालोनी, रतिया के रूप में हुई है।

### पार्क के बाहर से चोरीशुदा बाइक सहित युवक काबू

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों की धरपकड़ करते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान दिलबाग पुत्र हनुमान निवासी भोडिय़ा बिश्नोईयान जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरीशुदा मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### 54 सूफी पीरों के इतिहास पर रचित पुस्तक का विमोचन कल

**सिरसा।** सूफी संत सरकार लखदाता पीर ट्रस्ट के तत्वावधान में 16 फरवरी को गांव केवल स्थित ट्रस्ट कार्यालय में 54 सूफी पीरों के इतिहास पर रचित पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रदेश के वाइस चेयरमैन बाबा बग्गाराम व हरियाणा पंजाब के चेयरमैन बाबा गुरदीप सिंह बीरूवाला गुढा ने संयुक्त रूप से बताया कि 16 फरवरी को पुस्तक का विमोचन बतौर मुख्यातिथि रचनाकार डॉ. प्रो. बलदेव सिंह चीमा द्वारा किया जाएगा।

### जसपाल सिंह प्रधान तो रवि सिंह बने उपप्रधान

**सिरसा।** जिला के गांव बप्पां में हरियाणा किसान मंच की बैठक प्रधान सिकंदर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर सर्वसम्मति से जसपाल सिंह को बप्पां प्रधान व रवि सिंह को उपप्रधान चुना गया। चयनित पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उसपर पूरी तरह से खरा उतरने का काम करेंगे। किसानों की मांगों को लेकर मंच का झंडा हमेशा बुलंद करेंगे और किसान के हकों के लिए संघर्ष में महत्ती भूमिका निभाएंगे। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष बाबा गुरदीप सिंह झिड़ी, नैब सिंह नंबरदार मलड़ी, गुरजंट भीवां आदि रहे।

### बाबा बालकनाथ के झंडे की वार्षिक शोभायात्रा 16 को

**सिरसा।** कंगनपुर रोड़ स्थित सिद्ध री बाबा बालकनाथ के झंडे की वार्षिक शोभायात्रा 16 फरवरी को शहर में बड़े हर्षोल्लास से भगत विजय कपूर व भगत सुरेश गुप्ता की अगुवाई में निकाली जाएगी। शोभायात्रा 16 फरवरी को प्रातः 8.15 बजे ए-ब्लॉक स्थित राजकुमार के निवास बाबा बालकनाथ की आरती के पश्चात शोभा यात्रा वाहनों द्वारा आरंभ होकर इंद्रपुरी मोहल्ला, मुल्तानी कॉलोनी, पुराना सरकारी अस्पताल रोड़, हिसार रोड़, बेगू रोड़, काठ मंडी से होती हुई दोपहर 12.30 बजे अग्रसेन कॉलोनी गली नंबर 6 स्थित अनिल शर्मा के निवास स्थान पर पहुंचेगी।

### पैरा लीगल वॉलंटियस के लिए कार्यशाला आज

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वॉलंटियस के लिए 15 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे स्थानीय जिला न्यायालय स्थित एडीआर भवन में एक कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## भारी संख्या में मजदूरों ने लिया हिस्सा, की नारेबाजी

# मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे मजदूर सरकार की उदासीनता पर जताया रोष

प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य प्रधान विक्रम सिंह ने किया तथा संचालन राज्य महासचिव विनोद दड़ौली ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते निर्माण मजदूर। फोटो : हरिभूमि

निर्माण मजदूरों की मांगों को लेकर भवन निर्माण श्रमिक संघ हिसार मंडल संबंधित एटक द्वारा आज फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करते हुए मजदूर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इस प्रदर्शन में निर्माण मजदूरों ने भारी संख्या में भाग लिया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन से पूर्व निर्माण मजदूर दीनदयाल पार्क में एकत्रित हुए और सभा का आयोजन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य प्रधान विक्रम सिंह ने किया तथा संचालन राज्य महासचिव विनोद दड़ौली ने किया।

मजदूर नेताओं ने कहा कि निर्माण मजदूरों की लंबित मांगों के समाधान को लेकर संगठन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की उदासीनता के चलते मजदूरों को कोई भी सुविधा समय पर नहीं मिल रही है। सरकार मजदूरों के कल्याण को लेकर बड़े-बड़े दावे कर उनके साथ भद्दा मजाक कर रही है। भाजपा सरकार पिछले दस वर्षों से श्रमिक कल्याण बोर्ड के पैसों पर कुंडली मारकर बैठी हुई है। गलत आपत्तियां लगाकर मजदूरों को उनको मिलने वाले लाभ से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की उपेक्षा के कारण मजदूरों में भारी रोष व्याप्त है। इस मौके पर भवन निर्माण राज्य प्रधान विक्रम सिंह, राज्य महासचिव विनोद दड़ौली, रोडवेज प्रधान राजू बिश्नोई, सहदेव रोडवेज, जिला महासचिव धर्मवीर सिंह, राज्य सचिव सुनील मैडल, जिला प्रधान वजीरचंद, मान सिंह, पवन कुमार सुलीखेड़ा, जयनारायण खाबडा, सौरव फतेहाबाद, राजेश चौबारा भी मौजूद रहे। भवन निर्माण श्रमिक संघ की मांग है कि सभी निर्माण मजदूरों का पंजीकरण किया जाए, फैमिली आईडी की अनिर्वायता रद्द की जाए, बेमानी आपत्तियों पर रोक लगाई जाए। सभी सुविधाओं को जारी किया जाए, हरियाणा में सभी ब्लॉकों में लेबर चौकों पर लेबर शेड, पीने के लिए स्वच्छ पानी व शौचालय की व्यवस्था की जाए। रिजेक्ट फार्मों को री-ओपन किया जाए, 90 दिन की वेरीफाई आसानी से करवाई जाए। सभी गांवों में मनरेगा लागू करवाई जाए, मनरेगा में 200 दिन काम दिया जाए, 600 रुपये दिहाड़ी लागू की जाए। श्रम कल्याण बोर्ड व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए। रद्द पंजीकरण बहाल तुरंत प्रभाव से किए जाए।

# मिट्टी से मूर्तियां बनाने की सिखाई कला

■ राजकीय कन्या विद्यालय में छात्राओं को सिखाए गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एमपी रोही में छात्राओं को मिट्टी से मूर्तियां बनाने की कला सिखाते प्रसिद्ध मूर्तिकार अमन रत्ति। फोटो : हरिभूमि

चित्रकार व प्रसिद्ध मूर्तिकार अमन रत्ति ने आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर रोही में कक्षा छठी से आठवीं तक की छात्राओं को पूर्व व्यवसायिक शिक्षा यानि एनएसक्यूएफ के तहत क्ले मॉडलिंग के गुर सिखाए। अमन रत्ति ने छात्राओं को पहले मूर्ति बनाने के लिए मिट्टी तैयार करना, श्रेष्ठ मिट्टी की पहचान करना, मिट्टी को भिगोने का तरीका सिखाने के साथ-साथ आसान तरीके से मिट्टी की मूर्तियां बनानी सिखाई। बच्चों ने बड़ी उत्सुकता के साथ मूर्ति कला निर्माण विधि सीखी, उन्होंने कलाकार से आवश्यक सवाल भी किए। विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षाविद् भगवान दत्त ने जहां कलाकार अमन रत्ति के कला की प्रशंसा की वहीं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कला मनुष्य को बेहतरीन जीवन जीने का सही रास्ता दिखाती है। कला विद्यार्थियों को सृजनशील बनाकर व्यक्तित्व में निखार लाती है। प्राचार्य ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। जाने माने साहित्यकार व यायावर छायाकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान ने कहा कि छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कला जहां मनुष्य को मनुष्य से जोडऩे का काम करती है, उसे सामाजिक बनाती है वहीं रोजगार प्राप्ती मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## जेजेपी ने नप चेयरमैन के लिए प्रत्याशी मैदान में उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



लक्की चौधरी।

जननायक जनता पार्टी ने सिरसा नगरपरिषद के अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। पार्टी प्रत्याशी के तौर पर प्रवीण कुमार तुर्किया उर्फ लक्की चौधरी अब अपना नामांकन भरेंगे। जेजेपी के पूर्व जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि इस सिलसिले में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला की स्वीकृति मिली है और परिषद चेयरमैन के रूप में पार्टी अपने चुनाव चिह्न चाबी के निशान पर चुनाव लडऩे का निर्णय लिया है। प्रवक्ता ज्याणी ने बताया कि लक्की चौधरी हाल ही में पार्टी संगठन में हरियाणा जननायक कर्मचारी मजदूर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के तौर पर अपना दायित्व संभालते रहे हैं। लक्की चौधरी 17 फरवरी को अपना नामांकन भरेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी ने फैसला लिया है कि पार्षद पद का चुनाव पार्टी चिह्न पर नहीं लड़ा जाएगा और जो भी पार्टी कार्यकर्ता इस पद के लिए भाग लेगा, पार्टी द्वारा उनका भरपूर समर्थन किया जाएगा।

### निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए आयोजित होंगे मेले

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगार प्रार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलवाने के लिए तीन दिवसीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। 17 फरवरी को उप मंडल रोजगार कार्यालय टोहाना, 19 फरवरी को उप मंडल रोजगार कार्यालय रतिया तथा 20 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय फतेहाबाद में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेलों में एसआईएस कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड तथा एलआईसी द्वारा बीमा सखी व बीमा एजेंट की भर्ती हेतू साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती हेतू प्रार्थी की आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तथा शारीरिक मापदंड में प्रार्थी का कद 168 सेंटीमीटर होनी चाहिए।

## पीएम श्री स्टेट चैंपियनशिप में धांगड़ के विद्यार्थियों ने किया शानदान प्रदर्शन



**फतेहाबाद।** करनाल के करण स्टेडियम में द्वितीय पीएम श्री स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धांगड़ के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता करते हुए विभिन्न पॉजिशन हासिल की। 100 मीटर दौड़ में अंकुश ने द्वितीय स्थान, 200 मीटर दौड़ में प्रेम ने तृतीय स्थान व डिस्कस थ्रो में साहिल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्राचार्य डॉ. शारदा बिश्नोई, कोच विष्णु, रेखा व सविन्द्र ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अच्छे खेल प्रशिक्षण के द्वारा बच्चों ने प्रतियोगिता में अनेक पॉजिशन हासिल कर बच्चों ने गांव, स्कूल व जिला का नाम रोशन किया है।

## सतलुज स्कूल में मनाया माता-पिता पूजन दिवस

■ बच्चों ने सुंदर नाटक व भाषण की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां



**भट्टूकलां।** बच्चों को माता-पिता पूजन के लिए प्रोत्साहित करते स्कूल प्रबंधक।

आज जहां देश के विभिन्न क्षेत्र में पश्चिमी सभ्यता के अनुसार वैलेंटाइन डे मनाया जा रहा है वही सतलुज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में माता-पिता दिवस के रूप में मना कर एक नई मिसाल पेश की। इस अवसर पर स्कूल के सभी बच्चों ने अपने-अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का आशीर्वाद लिया एवं सुंदर नाटक व भाषण की प्रस्तुति देकर समाज को माता-पिता स्नेह दिवस के प्रति जागरूक किया। प्राचार्या बबीता आनंद ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर हम अपने माता-पिता के साथ समय बिताना भूल जाते हैं। क्या हम कभी रुके हैं और उनसे पूछा है कि वे कैसा महसूस कर रहे हैं। माता-पिता की खुशी महंगे उपहारों से नहीं मिलती, बल्कि हमारे समय, हमारे सम्मान और हमारे प्रेम से मिलती है। एक मुस्कान, एक गले लगना, या बस कुछ पल बैठकर उनसे बातें करना उनके लिए अनमोल होता है। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर रमन कुमार राणा कहा कि यह दिन सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमें आत्ममंथन करने का अवसर देता है। क्या हम सच में अपने माता-पिता के प्रति उतने संवेदनशील हैं, जितने हमें होने चाहिए।

## सांसद सुभाष बराला ने श्री जम्भवाणी हरिकथा का लिया आध्यात्मिक लाभ

■ श्री गुरु जम्भेश्वर मंदिर, पारता में ज्ञान यज्ञ का आयोजन



टोहाना। स्वामी सच्चिदानंद आर्य से मिलते सांसद सुभाष बराला।

**फतेहाबाद।** श्री गुरु जम्भेश्वर मंदिर, पारता में आयोजित विराट श्री जम्भवाणी हरिकथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने भी भाग लिया। उन्होंने महंत डॉ. स्वामी सच्चिदानंद आचार्य के मुखारबिंद से दिव्य कथा का श्रवण किया और भक्तों के साथ आध्यात्मिक प्रवचनों का लाभ लिया। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि श्री गुरु जम्भेश्वर जी का जीवन और उनके उपदेश मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने समाज में नैतिकता, अहिंसा और सेवा भाव को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने आयोजकों को इस भव्य ज्ञान यज्ञ के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में महंत डॉ. स्वामी सच्चिदानंद आचार्य ने श्री जम्भवाणी हरिकथा के माध्यम से धर्म, सदाचार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, जो श्री गुरु जम्भेश्वर भगवान के सिद्धांतों पर आधारित है।

## प्रशासनिक अधिकारी की देखरेख में स्वर्णकार सभा चुनाव करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** स्वर्णकार सभा चुनाव को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाते कृष्णा सोनी।

स्वर्णकार सभा के प्रधान पद के लिए 16 फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर मौजूदा प्रधान दीनानाथ सोनी व 7जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान नरेश सोनी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर सभा का चुनाव किसी प्रशासनिक अधिकारी की देखरेख में करवाने की मांग की है। ज्ञापन में मांग की गई है कि चुनाव को लेकर किसी प्रकार की कोई गडबड़ी न हो, इसलिए चुनाव प्रशासन द्वारा नियुक्त किसी प्रशासनिक अधिकारी की देखरेख मे करवाएं जाएं। साथ ही कोई भी अप्रिय घटना न हो इसके लिए। पुलिस सहायता उपलब्ध करवाने की मांग भी उपायुक्त से की गई है। बता दें कि 16 फरवरी को स्वर्णकार सभा फतेहाबाद के प्रधान पद का चुनाव होगा। इसके लिए धर्मशाला रोड स्थित स्वर्णकार सेवा सदन में वोट डाले जाएंगे।

### सरकारी अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी छतरियां निवासी सुखचैन ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से फतेहाबाद आया था। उसने अपने मोटरसाइकिलि को फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में खड़ा किया और अपनी पत्नी को दवाई दिलवाने अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला।

## राज्य स्तरीय रेड क्रॉस सेमिनार में शिक्षक राजकुमार को किया सम्मानित

■ हरिद्वार में आयोजित तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** शिक्षक राजकुमार सलेमगढ़ को सम्मानित करते रेडक्रॉस अधिकारी।

हरिद्वार में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रेड क्रॉस सेमिनार में फतेहाबाद के शिक्षक एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता राजकुमार सलेमगढ़ को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ठ सामाजिक कार्यों एवं समाजहित में दिए गए व्यापक योगदान के लिए राजकुमार सलेमगढ़ को कैम्प निदेशक रामाशीष मंडल एवं कैंप उपनिदेशक विनीत गाबा द्वारा सम्मानित किया गया है। बता दें कि सनातन की पावन धरा पर श्री नंगली बेला आश्रम, भूपतवाला, हरिद्वार में भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस का आयोजन किया गया था। कैम्प निदेशक रामाशीष मंडल एवं कैंप उपनिदेशक विनीत गाबा ने रेडक्रॉस सोसाइटी के उत्कर्ष सम्मान से मास्टर राजकुमार सलेमगढ़ को फतेहाबाद जिले में आई बाढ़ के बाद प्रभावित लोगों को पुनर्वास में सहायता प्रदान करने हेतु सम्मानित किया गया।

## सैकड़ों रोडवेज कर्मचारी पड़ाव में लेंगे भागः चाहर

■ हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक

**सिरसा।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को रोडवेज प्रांगण में हुई। यूनियन के प्रवक्ता पृथ्वी सिंह चाहर ने बताया कि बैठक कि अध्यक्षता राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने की। बैठक में ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आर लक्ष्मैया व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनिया ने विशेष तौर से भाग लिया। राष्ट्रीय नेताओं ने कर्मचारियों को आगामी 24 मार्च को आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आवाह्न पर दिल्ली संसद कूच में भाग लेने का आह्वान किया। राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाच ने संयुक्त रूप से कहा कि हरियाणा रोडवेज से लगभग 7 सौ कर्मचारी दिल्ली संसद कूच में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आगामी 15-16 फरवरी को कुरूक्षेत्र में 24 घंटे के पड़ाव में रोडवेज के कर्मचारी भारी संख्या में भाग लेंगे और आगामी 8 मार्च को हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोहतक में होने वाली कंवेंशन में सैकड़ों साथी भाग लेंगे। चाहर ने कहा कि सरकार इलेक्ट्रिक बसें चलाने के निर्णय रद्द करें सरकारी बसें शामिल करें। बैठक के बाद कर्मचारी नेताओं ने बताया इलैक्ट्रिक बसें 62 रुपए पर किलोमीटर के हिसाब से चलने का निर्णय है।

**श्रद्धा** जीवन में ऐसा कार्य करें, जिससे भगवान गौरीशंकर की कृपा बनी रहे : वधवा

# श्री गौरीशंकर मंदिर के वार्षिक उत्सव का धूमधाम से समापन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

पंडित चंद्रशेखर मिश्रा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के किए मंत्रोच्चारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** श्री गौरीशंकर मंदिर में आयोजित वार्षिक उत्सव में प्रवचन करते स्वामी उमानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

चार मरला कॉलोनी गली रामबाग स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी जगत प्रकाश त्यागी महाराज चित्रकूट धाम के पावन सानिध्य में आयोजित 8वें वार्षिक उत्सव का धूमधाम से समापन हुआ। इस कार्यक्रम में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। श्री गौरी शंकर मंदिर के संचालक पंडित चंद्रशेखर मिश्रा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के मंत्रोच्चारण किए जिससे सत्संग का माहौल भक्तिमय बना रहा। तीन दिवसीय कार्यक्रम में श्री गौरी शंकर भगवान की पूजा अर्चना, भक्ति भजन, मंत्र उच्चारण, हवन यज्ञ ,संत महापुरुषों के अनमोल वचन, भक्ति संगीत, कलाकारों द्वारा संगीत की मधुर स्वर लहरियों से भक्ति गुणगान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा ने भाग लिया और पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्री गौरी शंकर की जिस पर भी यह कृपा बरसाते हैं, उसके जीवन में अपार खुशियां भर देते हैं। हमें भी जीवन में ऐसे कार्य करने चाहिए कि भगवान श्री गौरी शंकर की कृपा हम पर बनी रहे।

### ये रहे मौजूद

वार्षिक उत्सव के दौरान पूजा अर्चना में समाजसेवी चंद्रभान मदान, विजय कक्कड़, दर्शन मुंजाल, सन्नी सरदाना, सुरेंद्र खुराना, नवीन मेहता, हेमंत अरोड़ा, राजेश मराठी, शिवम मिश्रा, वीना मुंजाल, ममता गेरा, कनिका शर्मा, सोनिया सरदाना, साक्षी गाबा, आशा कक्कड़, कशिश सरदाना, पूनम जग्गा, मनोज असीजा, प्रेमलता आहूजा, गजल मेहता, विकास मेहता, ममता, प्रवीण मदान, रतन आनंद, सुरेन्द्र खुराना, भीमसेन मदान, रॉबिन सरदाना, अंजलि, रश्मि जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना में भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### आंगनवाड़ी केंद्र से पानी की मोटर चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव शेरपुरा में बस स्टैंड पर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र से चोर पानी की मोटर चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में सरपंच सीमा ने बताया कि बस स्टेंड शेरपुरा के शौचालयों में पानी की सुविधा के लिए पास ही स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में पानी की मोटर ग्राम पंचायत की ओर से लगाई गई थी। बीती 10 फरवरी की रात को चोरों ने केंद्र से पानी की मोटर चोरी कर ली। सुबह ग्रामीणों को इस घटना का पता चला।

### गाड़ी सवार पांच बकरियां चुराकर हुए फरार

**सिरसा।** जिला के गांव दया सिंह थेहड़ में गाड़ी सवार लोग पशुबाड़े से 5 बकरियां चोरी कर भाग गए। पुलिस को दी शिकायत में भोजाराम ने बताया कि वह भेड़-बकरी पालन करता है। उसने बताया कि बीती 9 फरवरी की रात को वह सभी भेड़-बकरियों को पशुबाड़े में बंद कर घर आकर सो गया। देर रात को कुछ लोग उसके पशुबाड़े से बकरियां चोरी कर रहे थे। उसकी पुत्रवधु व पोती का शोर सुनकर आंख खुल गई। जब बाहर आकर उन्होंने शोर मचाया तो आरोपी अपनी गाड़ी में 5 बकरियां डालकर फरार हो गए।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर अवकाश घोषित करें

**सिरसा।** परशुराम दल ने बताया कि आगामी 5 मार्च को दल के कार्यकर्ता संपूर्ण देश के जिला मुख्यालयों पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने के लिए ज्ञापन सौंपेगे। दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम किसी एक वर्ग या जाति के आराध्य नहीं हैं वो समस्त समुदायों के भगवान हैं, जो हम सभी की अस्था के प्रतीक व प्रेरणा का केंद्र हैं, उन्होंने कहा कि जब महापुरुष, समाजसुधारक व राजनेताओं की जयंतियों पर स्थाई अवकाश हो ।

### बंद पड़े मकान से नकदी और आभूषण चोरी

**सिरसा।** शहर के गुरूनानक नगर में एक बंद मकान से चोर 80 हजार रुपए की नकदी सहित चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में सर्वजीत सिंह ने बताया कि बीती 12 फरवरी को वह परिवार सहित दिल्ली में रिश्तेदारी में गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसकर अलमारी से 80 हजार रुपए की नकदी, पूजा घर में रखे करीब 7 से 8 हजार रुपए के चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए। शाम को जब वे घर लौटे तो उन्हें इस घटना का पता चला।

### मिल में चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने राइस मिल से धान चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अनमोल उर्फ बोना पुत्र अशोक कुमार निवासी बाजीगर बस्ती, जाखल के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 12 नवंबर 2024 को जाखल मण्डी निवासी संजय कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी गांव चांदपुरा में राइस मिल है। जिसमें चोरी हो गई है।

## चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में किया नमन

# पुलवामा के शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- द इनोवेटर्स टीम के सदस्यों ने एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक के सामने बने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के अंतर्गत कार्य कर रही द इनोवेटर्स टीम के द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। टीम के सदस्यों ने एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक के सामने बने शहीद स्मारक पर पहुंच कर पुष्प अर्पित करते हुए पुलवामा हादसे की शहादत को नम आंखों से याद किया। टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. दीपक ने कहा कि युवा पाश्चात्य संस्कृति के नाम पर वेलेंटाइन वीक जैसी धारणाओ को अपना रहे है।

युवा आज के दिन देश को झकझोर के रख देने वाली घटना को कैसे भूल सकते हैं। आज ही के दिन एक घटना पुलवामा में भी हुई थी, जिसमें न जाने कितने घरों के लाल हमेशा के लिए इस माटी में लिपटकर सो गए। कई महिलाएं विधवा हो गई और कई बच्चों के सिर से उनके पिता का साया मिट गया। कैसे भूल जाए वो खौफनाक मंजर, जिसमें किसी का बेटा, किसी का भाई, किसी का पति और किसी का पिता इस देश के लिए हमेशा-हमेशा इस दुनिया को अलविदा कह गए। हमें आज के दिन ही नहीं अपितु हर दिन अपने वीर जवानों की शहादत को याद करना चाहिए और उन सबका शुक्रगुजार होना चाहिए कि उन्ही की बदौलत आज हम अपने वतन में सुरक्षित हैं। परंतु बड़े दुख का विषय है कि वर्तमान समय में भारत की अधिकतर युवा पीढ़ी आधुनिकता की चकाचौंध में वीरों के बलिदानों को भूलती जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर संभव हो तो हमे अपने आस-पास शहीदों के परिवारों से अवश्य ही मिलना चाहिए और महसूस करना चाहिए कि देशभक्ति का जज्बा क्या होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि युवा अपने राष्ट्र की सेवा के लिए आगे आएं, क्योंकि राष्ट्र सेवा ही परम धर्म भी है और परम कर्तव्य भी। इस मौके पर टीम के सदस्यों में लाइब्रेरी विभाग से रामप्रताप राठी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से धीरज वर्मा, दीपांशी, गरिमा, निमरत कौर इत्यादि उपस्थित रहे।



**सिरसा।** पुलवामा के वीरों की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

### मुख्त्यार सिंह कॉलेज में शहीदों को याद किया

**फतेहाबाद।** मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज, बहबलपुर में आज पुलवामा में आतंकवादी हमले में शहीद हुए सैनिकों को विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ.पी.नागपाल ने बताया कि आज 6 वर्ष पूर्व पुलवामा में हुए आतंकी हमले की 6वीं बरसी है। 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में लगभग 44 सैनिक शहीद हो गए थे, जिस कारण प्रतिवर्ष इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य ने बताया कि शहीदों का देश के प्रति यह बलिदान कभी बेकार नहीं जाएगा और उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। सैनिकों के कारण ही हम अपने घरों में शांति से सो पाते हैं। इन सैनिकों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि उनकी शहादत को याद करें।

# स्टेम मेले में लगी विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए शानदार मॉडल

- नेजाडेला खुर्द स्थित राजकीय विद्यालय में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव नेजाडेला खुर्द स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को स्टेम मेले का आयोजन हुआ।
विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सदस्य ने स्टेम मेले में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बच्चों ने इस अवसर पर विज्ञान व गणित विषय पर आधारित कई प्रोजेक्टस बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस मेले को सफल बनाने में अध्यापक राकेश कुमार, चेतन प्रकाश, कपूर सिंह, सुनीता रानी का सराहनीय योगदान रहा। इस कार्यक्रम में सीआरसी, एबीआरसी नेहा, एसएमसी सदस्य, स्कूल स्टाफ, अभिभावकों ने मेले के सफल आयोजन के लिए बच्चों व अध्यापकों की मेहनत की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी।



**सिरसा।** विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### 75 विद्यार्थियों को बांटे जूते और जुराब

**सिरसा।** श्री कृष्णा मानव कल्याण समिति की ओर से राजकीय उच्च विद्यालय नंबर-2 में 75 जरूरतमंद बच्चों को जूते व जुराबें वितरित की गई। संस्था के प्रधान राजेंद्र बजाज, एडवोकेट ने बताया कि हर वर्ष सर्दियों में जरूरतमंद बच्चों को जर्सी व जूते वितरित करती है और संस्था के सभी सदस्य सेवा के इस यज्ञ में तन-मन-धन से लगे हुए हैं। कार्यक्रम में मुख्यातिथि बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान रमेश मेहता एडवोकेट ने कहा कि संस्था के कार्य समाज सेवा की एक मिसाल है और सर्दियों में जरूरतमंद बच्चों को जूते वह जुराबें देने से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं हो सकता।

# सिरसा में पार्षद के लिए एक ने किया नामांकन

**सिरसा।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार को नगर परिषद सिरसा के आम चुनाव के लिए वार्ड नंबर 20 से अमित कुमार ने पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 17 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होगी। 15 फरवरी को भी नामांकन पत्र भरे जाएंगे।

इस अवधि के दौरान अवकाश को छोडक़र किसी भी कार्य दिवस में उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए कमरा नंबर 40 में नामांकन पत्र लिए जा रहे हैं। इसी तरह वार्ड नबर 1 से 12 के सदस्यों पद के लिए कमरा नंबर 20, वार्ड नंबर 13 से 22 के सदस्यों के लिए कमरा नंबर 48 तथा वार्ड नंबर 23 से 32 के सदस्यों के लिए कमरा नंबर 32 में नामांकन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं।

नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 18 फरवरी को सुबह साढे 11 बजे की जाएगी। इसी प्रकार 19 फरवरी को सुबह 11 से 3 बजे तक नामांकन वापिस लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी।

# मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

निकटवर्ती गांव केलनियां स्थित नंदीशाला में राधा-कृष्ण मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल शामिल हुए नंदीशाला कमेटी के प्रधान पवन बंसल ने बताया कि आवारा पशुओं की समस्या से शहरवासियों को काफी हद तक नंदीशाला ने निजात दिलाई है। उन्होंने कहा कि नंदियों की सेवा के साथ-साथ यहां अलग-अलग प्रकार के पक्षियों का भी पालन-पोषण किया जा रहा है। डॉक्टरों की एक टीम हर समय तैयार रहती है, जो बीमार नंदियों व पक्षियों का भी उपचार करती है। महावीर शर्मा ने बताया कि गोविंद कांडा व पूर्व बिजली मंत्री के सहयोग से नंदीशाला का भव्य द्वार व शैड बनकर पूरा हो चुका है।

उन्होंने बताया कि नंदीशाला प्रांगण में गौमाता के साथ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा लगाई जाएगी। उन्होंने आमजन से नंदीशाला का सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर विधायक गोकुल सेतिया, प्रदीप रातुसरिया, मनीष सिंगला, सुधीर ललित मेहता, महेंद्र बणीवाला, प्रेम कंदोई, सुशील कंदोई, प्रवीण महिपाल, राजेंद्र सचदेवा, राजेश जलंधरा, राजेश गनेरीवाला, अशोक कुमार, अमित कुमार, ताराचंद करड़वाल आदि मौजूद थे।



**सिरसा।** राधा-कृष्ण मंदिर के स्थापना दिवस पर भजन करते महिला मंडल।

# नशा रूपी दानव को समाप्त करना जरूरी

- बेटा बचाओ अभियान ने हवन यज्ञ से की नई मुहिम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बेटा बचाओ अभियान के संस्थापक तरूण भाटी की अध्यक्षता में मातृ-पितृ पूजन दिवस पर श्री पंचमुखी बालाजी गौधाम में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार व बेटा बचाओ अभियान के संस्थापक तरूण भाटी ने संयुक्त रूप से आहूति डाली। उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने कहा कि सरकार नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर ठोस कदम उठा रही है। पुलिस विभाग लगातार नशे रूपी दानव को समाज से खत्म करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान के लिए जनसहयोग परमावश्यक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भी इस अभियान की प्रशंसा कर चुके हैं। अभियान के संस्थापक तरूण भाटी ने कहा कि युवाओं को नशे की दलदल में फंसता देखकर उन्होंने बेटा बचाओ अभियान की शुरूआत की थी, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। टीम द्वारा लगातार इस दिशा में प्रयास कर अभियान को गति देकर युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे नशे को त्यागकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकें। इस मौके पर पंडित नीरज भारद्वाज ने कहा कि अगर एक बार फसल खराब हो जाए तो उसे दोबारा पैदा किया जा सकता है, लेकिन नस्ल खराब हो जाए तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता। उन्होंने हवन यज्ञ में उपस्थित सभी लोगों को संकल्प करवाया कि न तो नशा करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। इस मौके पर रविंद्र सैनी, सतीश केडिया, विनोद उपाध्याय, सुरेंद्र सिंगला, अशोक गोयल, रमेश बांसल, हरीश गोयल, राकेश बागोलिया, मनोज कल्याण, मुरलीधर कटारिया, चंद्रशेखर, धर्मेंद्र चंदेल, सुमित्रा देवी, गुरसिमर सिंह, पुनीत कुमार, विनय भाटी, लता देवी, कीर्ति देवी, संदीप कुमार, पूजा, पुनीत व अन्य मौजूद रहे।



**सिरसा।** हवन यज्ञ करके बेटा बचाओ अभियान शुरु करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# दिव्यांगों को मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में किया जाएगा जागरूक

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नलसा की (मानसिक बीमारी और बौद्धिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना के तहत एक विशेष विधिक जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता देना और टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी देना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि यह अभियान हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत जिला जेल, सिविल अस्पताल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, भाई कन्हैया आश्रम और स्लम एरिया जैसी विभिन्न जगहों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।इस अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैनल अधिवक्ताओं की टीम बनाई गई है, जो विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करेगी। इस अभियान की शुरुआत 17 फरवरी 2025 को जिला जेल सिरसा में लगेगा।

# सपना ने रचाई सबसे सुंदर मेहंदी

- नालंदा कन्या महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

नालंदा कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कॉलेज के डायरेक्टर बीआर चौधरी ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान छात्राओं की प्रतिभा व कार्य कुशलता की महाविद्यालय के डायरेक्टर ने जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्राओं में रचनात्मकता बढ़ती है और आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करने का गुण विकसित होता है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर मंजू रेवड़ी, पूनम काठपाल तथा शिवानी मेहता ने निभाई। मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 150 छात्राओं ने भाग लिया। सीनियर प्रोफेसर मंजू रेवड़ी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किताबी पढ़ाई के साथ-साथ कलात्मक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भी छात्राओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मेहंदी प्रतियोगिता में बीए फाइनल की छात्रा सपना को प्रथम स्थान मिला, जबकि बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पुनीत को दूसरा तथा बीए फाइनल की छात्रा प्रिया तृतीय रही।



**भूना।** हाथों में लगाई गई मेहंदी दिखाती छात्राएं।

# राजकीय कॉलेज में रोजगार वित्त पोषण पर हुई कार्यशाला

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं प्लेसमेंट सैल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के प्रभावी उपयोग व प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वित्त पोषण विषयों पर चर्चा आयोजित की गई। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरविंद्र सिंह ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मीत व प्लेसमेंट सैल प्रभारी डॉ. साक्षी मेहता के संयोजन में आयोजित हुई इस कार्यशाला की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रो. हरजिंदर सिंह ने की। दूसरे दिन के प्रथम सत्र में राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा के कंप्यूटर अनुदेशक कुलदीप अरोड़ा ने मुख्य प्रशिक्षिक के तौर पर शिरकत की। कुलदीप अरोड़ा ने डिजिटल युग में सोशल मीडिया के सही उपयोग और उसके लाभों के प्रति विस्तार सहित जानकारी प्रदान की। उन्होंने लिंक्डइन, इंस्टाग्राम, फेसबुक मार्केटप्लेस और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स का सही रणनीति के साथ उपयोग कर करियर ग्रोथ, ब्रांडिंग और व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने की विधियों से विस्तार सहित अवगत करवाया। कार्यशाला के दूसरे एवं अंतिम सत्र में कई मुद्दों पर मंथन किया गया।

# मेडिकल शॉप से नकदी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया चोर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बीघड़ रोड स्थित मेडिकल शॉप में चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान अजय कुमार पुत्र भंवर लाल निवासी भाणा भोडिय़ा जिला हिसार के रूप में हुई है।

बता दें कि मेडिकल शॉप में बढ़ती चोरियों को लेकर गत दिवस कैमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य डीएसपी से भी मिले थे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 8 फरवरी को बीघड़ रोड, फतेहाबाद निवासी रितिज तनेजा की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी बीघड़ रोड पर मेडिकल की दुकान है। शाम को जब वह दुकान को लॉक करके घर गया था तो पीछे से अज्ञात चोर दुकान का लॉक तोडक़र गल्ले में रखी 16 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एचसी कुलदीप सिंह ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

**सराहनीय** | जल्द ही संपूर्ण डबवाली होगा नशा मुक्तः सिद्धांत जैन

जिले के 57 गांव व 8 वार्ड लोगों के सहयोग से नशा मुक्त घोषित किए जा चुके

# डबवाली का चोरमार खेड़ा व लखुआना नशा मुक्त गांवों की सूची में हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

नशा मुक्ति टीम व आमजन के सहयोग से शुक्रवार गांव चोरमार खेड़ा व लखुआना नशा मुक्त गांवों की सूची में अपना नाम दर्ज करवाने में कामयाब हो गए हैं। इसके साथ ही डबवाली जिले के 57 गांव व 8 वार्ड नशा मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। अब वह दिन दूर नहीं जब डबवाली का हर एक व्यक्ति एक स्वर में बोलेगा कि हमारा डबवाली जिला अब नशा मुक्त हो गया है। जिसके लिए डबवाली पुलिस की विभिन्न टीमें नशा तस्करी पर प्रहार करने व आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने का काम पूरी मेहनत व लगन से कर रही हैं। इसी कड़ी में क्राइम यूनिट की टीमें लगातार दिन-रात एक करके नशा तस्करों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का कार्य पूरे जोर-शोर से कर रही हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन में गांव चोरमार खेड़ा के दशमेश वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समारोह में युवाओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला डबवाली के गांव चोरमार खेड़ा व लखुआना अब नशा मुक्त गांव हो चुके हैं।

यहां के युवाओं ने नशे को पूरी तरह से अलविदा कहकर गांव में किसी भी तरह का नशा न करने और न ही बेचने की शपथ ली है और यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है। नशा मुक्ति पर आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने चोरमार खेड़ा व लखुआना के सरपंचों को उनके गांव को नशा मुक्त बनाने में डबवाली पुलिस का सहयोग करने पर धन्यवाद दिया व उन्हें नशा मुक्त गांव का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। एसपी ने कहा कि जो व्यक्ति अपने माता-पिता की भावनाओं का ख्याल रखते हैं, उनकी इज्जत करते हैं, नशे से दूर हैं, अपनी मेहनत के बल पर अपना लक्ष्य हासिल करते हैं, सही मायने में वही सराहना के लायक हैं। इस दिशा में काम किया जा रहा है।




**सिरसा।** नशा मुक्त गांव की घोषणा करते एसपी सिद्धांत जैन।

**खबर संक्षेप**

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**फतेहाबाद।** गांव बड़ोपल के समीप एक कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका चचेरा भाई घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो लाख के दो डिमांड नोटिस को गैर कानूनी ठहराते हुए किया रद

**फतेहाबाद।** दीवानी अदालत (वरिष्ठ खंड) संतोष बागोटिया की अदालत ने बिजली उपभोक्ता को बड़ी राहत देते हुए बिजली निगम की ओर से जारी 2 लाख 5 हजार 504 व 25 हजार रुपये राशि के दो डिमांड नोटिस को गैर कानूनी व प्राकृतिक न्याय के खिलाफ बताते हुए रद्द कर दिए। मिली जानकारी के अनुसार बिजली निगम ने गांव थेडी निवासी महेन्द्र कुमार को 29 नवंबर 2023 को 1 जुलाई 2023 की चेंकिग रिपोर्ट के आधार पर 2 लाख 5 हजार 504 रुपये राशि का नोटिस निगम को हुए नुकसान व 25 हजार रुपये की समझौता राशि के दो नोटिस जारी किए थे।

### पुलिस ने नशा सप्लायर को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत भट्टूकलां पुलिस ने एक नशा सप्लायर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान जोगा सिंह पुत्र तोता राम निवासी पक्का कलां, तलवंडी साबो के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 सितंबर 2024 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

### बलराज हत्या मामले में एक और गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने बलराज नामक युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राय साहब उर्फ राम सिंह पुत्र सुमेर सिंह निवासी श्याम नगर, गंगानगर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 16 जून 2024 को काठमंडी, हरिजन कालोनी, फतेहाबाद निवासी पूजा नामक महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### श्री महाशिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ 17 से

**फतेहाबाद।** श्री गीता भवन, मॉडल टाऊन फतेहाबाद में वार्षिक महोत्सव एवं महाप्रभु प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में पंचदिवसीय श्री महाशिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं नेत्र जागरूकता शिविर का आयोजन 17 से 21 फरवरी तक किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री गीता विहारी सेवा सदन, श्री गीता भवन मॉडल टाउन में किया जाएगा। श्री महाशिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ में डॉ. स्वामी दिव्यानन्द जी महाराज शिरकत करेंगे। साथ ही कार्यक्रम में मंथन आई हैल्थकेयर फाउन्डेशन के सौजन्य से एक नेत्र जागरूकता शिविर भी लगाया जाएगा जिसमें मशहूर नेत्र चिकित्सक विशेषज्ञ डा. विनोद शर्मा अपनी सेवाएं देंगे।

### युवक 7.56 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** एंटी नारेकोटिक्स सेल डबवाली ने गौशाला मौहल्ला क्षेत्र से एक युवक को 7.56 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारेकोटिक्स सेल प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई दलबीर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गौशाला मोहल्ला के पास वाली गली से होते हुए रामबाग टी प्वाइंट के पास पहुंचे। इसी दौरान सामने से एक युवक रामबाग फाटक की ओर आ रहा था। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर एकदम तेज कदमों से वापस जाने लगा।

# काजलहेड़ी के युवक की 20 दिन पहले हुई हत्या, 3 युवक काबू, अभी तक नहीं मिला शव

- एसपी से मिले परिजन, बोले : जब तक अंतिम संस्कार नहीं होगा, नहीं मिलेगी शांति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** एसपी से मिलने जाते काजलहेड़ी के ग्रामीण।

गांव काजलहेड़ी में पिछले दिनों तीन युवकों ने अपने ही दोस्त की हत्या कर शव को रावतसर-हनुमानगढ़ रोड स्थित राज कैनाल नहर में फैंक दिया था। आज 20 दिन बीत जाने के बाद भी मृतक युवक का शव नहीं मिला है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने गांव के ही दो सगे भाईयों सहित तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शव न मिलने से आहत मृतक के परिजन शुक्रवार को एसपी आस्था मोदी से मिले और शव बरामद करने की मांग की। परिजनों का कहना है कि जब तब उनके लडक़े का शव ढूंढकर उसका अंतिम संस्कार नहीं किया जाता, तब तक परिजनों को शांति नहीं मिलेगी। एसपी से मिलने वालों में ब्लाक समिति के पूर्व चेयरमैन राम सिंह मांझू, धर्म सिंह, मक्खन भादू, लीलूराम भादू, सतपाल, लख्मी भादू, उग्रसैन, देवीलाल भादू मुख्य रूप से शामिल थे।

गांव काजलहेड़ी निवासी सुभाष ड्राईवरी का काम करता था। 26 जनवरी को उसके दोस्तों गांव के ही संगे भाई विष्णु व लादेन हाल आबाद फतेहाबाद तथा मताना निवासी रितिक ने इकट्ठे बैठकर शराब पी। आरोप है कि सुभाष दोनों भाईयों की मां पर नजर रखता है। इसके बाद सुभाष कहीं नजर नहीं आया। 28 जनवरी को गांव काजलहेड़ी के राधेश्याम ने पुलिस को शिकायत दी कि उसका भाई सुभाष जोकि अलग-अलग स्थानों पर ड्राईवरी करता था, उसके दो लडक़े व दो लड़कियां है। वह 25 जनवरी को घर से काम के लिए कहकर गया था और उसके बाद वापस नहीं लौटा है। इस पर पुलिस ने 28 जनवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की।

#### जमकर शराब पिलाकर डंडों से की थी हत्या

सदर एसएचओ कुलदीप सिंह ने जांच में पता लगाया कि सुभाष लापता नहीं है बल्कि उसकी हत्या कर दी गई है। पुलिस ने पूछताछ के आधार पर विष्णु, लादेन व मताना के रितिक को गिरफ्तार किया था। लादेन व विष्णु सगे भाई है जोकि पहले काजलहेड़ी रहते थे और बाद में जमीन बेचकर फतेहाबाद रहने लगे। सुभाष इनके घर आता-जाता था। पुलिस ने सुभाष की गुमशुदगी के बाद सुभाष की कॉल डिटेल निकलवाई तो पता चला कि तीनों युवक उसे राजस्थान की तरफ लेकर गए है। रास्ते में सुभाष को जमकर शराब पिलाई गई और डंडों से उसकी हत्या कर शव को राजस्थान कैनाल नहर में फैंक दिया। शुक्रवार को गांव के लोग एसपी आस्था से मिले। उन्होंने बताया कि सुभाष का अभी तक शव नहीं मिला है। शव को जल्द ढूंढा जाए ताकि उसका अंतिम संस्कार किया जा सके।

#### फतेहाबाद से भी शव ढूंढने गए थे गोताखोर

परिजनों के अनुसार हत्या आरोपियों ने सुभाष की हत्या करके शव को रावतसर से हनुमानगढ़ रोड पर स्थित राज कैनाल नहर में फैंक दिया था। उनके अनुसार हत्यारे शातिर अपराधी हैं। राजस्थान कैनाल नहर इतनी बड़ी है कि वहां से शव ढूंढना नामुमकिन-सा लगता है। परिजनों का तो यह भी कहना है कि पुलिस ने शव की तलाश में फतेहाबाद से गोताखोर भेजे थे और उन्होंने स्वयं लखुवाली हैड पर भी गोताखोर भेजे थे लेकिन शव नहीं मिला।

### पॉलिथिन का चालान काटने पर दुकानदार और कर्मचारी आमने-सामने

# हाथापाई के बाद एक-दूसरे के खिलाफ धरने पर बैठे दुकानदार और कर्मचारी

पॉलिथिन मुक्त व अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर दुकानदार टीम के आगे डटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पुरानी सब्जी मण्डी में नगरपरिषद टीम से बहस करता दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

शहर में पिछले कई दिनों से नगरपरिषद द्वारा चलाया जा रहा पॉलिथिन मुक्त व अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर शुक्रवार को दुकानदार नगरपरिषद टीम के आगे डट गए। दुकानदारों ने इस अभियान का विरोध करते हुए पुरानी सब्जी मण्डी में अपनी दुकानें बंद करके रोष जताया। दुकानदारों ने नगरपरिषद कर्मचारियों पर हाथापाई का आरोप लगाते हुए जमकर भड़ास निकाली। कई दुकानदारों ने कर्मचारियों पर रिश्वत मांगने के आरोप भी जड़े, जिसे टीम ने बेबुनियाद बताया। इसके बाद पुरानी सब्जी मण्डी के दुकानदार इकट्ठे होकर बस स्टैंड चौकी पहुंच गए। दूसरी ओर दुकानदारों द्वारा दुर्व्यवहार करने से खफा नगरपरिषद कर्मचारी भी कामकाज छोड़कर नगरपरिषद कार्यालय में धरने पर बैठ गए हैं। नगरपरिषद ईओ द्वारा इस मामले में शहर पुलिस को हाथापाई करने वाले दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए लिखा गया है।

दरअसल पिछले कई दिनों से नगरपरिषद की टीम पॉलीथीन व अतिक्रमण हटाने को लेकर नियमित अभियान चलाए हुए है। शुक्रवार को प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एसडीओ, भारत स्वच्छता मिशन के हेड सौरभ कुमार, एसआई महेश कुमार व रोहताश पूनियां के साथ परिषद के कर्मचारी पुरानी सब्जी मण्डी पहुंचे। जैसे ही कर्मचारियों ने दुकानदारों पर पॉलिथिन के लिए कार्रवाई आरंभ की तो दुकानदार भड़क गए। दुकानदारों ने कहा कि नगर परिषद के कर्मचारी दुकानों पर पहुंच कर दुकानदारों को डराने का काम कर रहे हैं। पॉलिथिन की फैक्टरियां क्यों बंद नहीं करवा रहे हैं। नगर परिषद प्रशासन या प्रदेश सरकार को पॉलिथीन की फैक्टरियां ही बंद करवा देनी चाहिए। अगर दुकानदारों के पास पॉलिथिन आएगा ही नहीं तो उन्हें बेचना भी नहीं पड़ेगा। न ही कोई सामान पॉलिथिन में डालकर बेचेगा। एक दुकानदार ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के 15-20 कर्मचारी एक-एक दुकान पर पहुंच जाते हैं और गुंडागर्दी मचाते हैं। दुकानदारों के साथ अभद्र व्यवहार तक करते हैं। दुकानों के बाहर सामान गिरा कर चले जाते हैं। अफरा तफरी मचा रखी है। अगर प्रशासन बेहतर व्यवस्था बनाना चाहता है, तो पहले दुकानदारों को पॉलिथिन का विकल्प भी उपलब्ध करवाए। बाद में बस स्टैंड चौकी में पहुंच कर दुकानदारों के प्रतिनिधिमंडल ने चौकी प्रभारी के साथ भी बातचीत की। एक दुकानदार ने ऐलान किया कि जो कर्मचारी हमारी दुकान पर पॉलिथिन के चालान काटने आ रहे हैं, अगर उनके खुद के घर में एक किलो पॉलिथीन नहीं मिल जाए तो पंचायत के अंदर 11 हजार रुपए दूंगा। नगर परिषद के दफ्तर में भी पॉलिथीन मिल जाता है।

#### विरोध में धरने पर बैठे कर्मचारी

दुकानदारों की ओर से कर्मचारियों के साथ किए गए व्यवहार के विरोध में नगर परिषद के कर्मचारी भी कामकाज छोड़कर धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों ने कहा कि नगर परिषद की टीम सरकार के नियमों की पालना करवाने के लिए ही चालान काटने जाते हैं। दुकानदार ने टीम के जाते ही तू-तू-मैं-मैं की। हाथापाई की नौबत आ गई। दुकानदार ने गालियां दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। स्वच्छता मिशन के रोहताश पूनियां ने बताया कि दुकानदारों ने उनके साथ हाथापाई कर सरकारी ड्यूटी में बाधा डाली है। इस बारे नगरपरिषद के ईओ ने शहर थाना में कालू नामक दुकानदार के अलावा अन्य दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है।


**सिरसा।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी।

## पांच दिवसीय कार्य सप्ताह व भर्ती की मांग को लेकर बैंकर्स ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

- चेतावनी, मांगें पूरी न होने पर 3 मार्च को दिल्ली में और 24, 25 को देशभर में होगी हड़ताल

पांच दिवसीय कार्य सप्ताह व नई भर्ती की मांग को लेकर शुक्रवार को बैंक कर्मचारियों ने यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले रोष प्रदर्शन किया। यूनियन नेताओं सचिव सुभाष गुंबर, चंचल कुमार, अशोक कंबोज, सुरेंद्र कुमार, स्टाफ यूनियन से सुरक्षित गर्ग ने बताया कि मार्च 2024 के द्विपक्षीय समझौते और संयुक्त नोट के दौरान, भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और यूनियनों ने 5 दिवसीय सप्ताह को लागू करने के लिए एक समझौता किया और एक औपचारिक सिफारिश को मंजूरी के लिए सरकार को भेज दिया गया। हालांकि, लगभग एक साल बीत चुका है और सरकार ने अभी तक इस बदलाव को अधिसूचित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे डिजिटल बैंकिंग सेवाएं पहले से ही उपलब्ध हैं और अधिकांश सरकारी और कॉर्पोरेट कार्यालय सप्ताह में पांच दिन काम करते हैं, इसलिए बैंकिंग क्षेत्र में इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। इससे ग्राहक सेवा और उत्पादकता में बढ़ोतरी ही होगी। उन्होंने कहा कि यूनियनों द्वारा उठाया गया एक और महत्वपूर्ण मुद्दा सभी संवर्गों में स्थायी भर्ती की आवश्यकता है। यूनियन नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि एक मजबूत कार्यबल न केवल बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करता है, बल्कि मौजूदा कर्मचारियों पर काम का दबाव भी कम करता है, जिससे अंततः बैंकिंग परिचालन की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कई अन्य चिंताओं को भी उजागर किया जिसमें कर्मचारियों की कमी के कारण शाखाओं में बढ़ते कार्यभार को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता, पदोन्नति, स्थानांतरण और कर्मचारी कल्याण के संबंध में निष्पक्ष और पारदर्शी नीतियां सुनिश्चित करना और बैंकिंग क्षेत्र में अनुचित श्रम प्रथाओं और आगे निजीकरण के किसी भी प्रयास का विरोध करना शामिल है। आज का प्रदर्शन एक व्यापक आंदोलन कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसमें 3 मार्च 2025 को दिल्ली में धरना और 24 और 25 मार्च 2025 को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल शामिल है। यूनियन नेताओं ने कहा कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो विरोध प्रदर्शन को तेज करेंगे।

## एसटीईएम मेला : विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- खंड शिक्षा अधिकारी अनीता बाई ने विद्यार्थियों का बढ़ाया हौसला, स्टाफ की भी थपथपाई पीठ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया



**रतिया।** सहनाल में आयोजित एसटीएम मेले में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

खंड के गांव सहनाल स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष एसटीईएम मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए गणित और विज्ञान विषय को अधिक रूचिकर बनाना था। इस मेले का आयोजन एससीईआरटी गुरुग्राम के निर्देशों के तहत किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक प्रयोगों एवं गणितीय अवधारणाओं पर आधारित प्रोजेक्ट व माडल प्रस्तुत किए गए। मेले की मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी अनीता बाई थी, जिन्होंने मेले में प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने हर्बल पेस्टीसाइड, बिजली के उपकरण जैसे जनरेटर, वायुमंडलीय दाब, बीजगणित, पवन चक्की, थ्री-डी होलोग्राफी आदि के माडल प्रस्तुत किए। राजकीय माध्यमिक विद्यालय सहनाल की विज्ञान अध्यापिका नीतिका रूखाया के पर्यवेक्षण एवं सहनाल स्कूल की स्टाफ सदस्यों लवलीन कौर, ममता रानी, सुदेश, गीता देवी के सहयोग से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम की सफलता के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ने स्टाफ सदस्यों की पीठ थपथपाई। कार्यक्रम में स्कूल के अन्य स्टाफ सदस्य सुशील कुमार, संदीप कुमार, विपिन कुमार एवं कृष्ण कुमार भी मौजूद रहे।

### बार चुनाव, चार पदाधिकारी निर्विरोध बने, अब प्रधान व सचिव का 28 को होगा चुनाव

**फतेहाबाद।** 28 फरवरी को होने वाले जिला बार एसोसिएशन के प्रधान व सचिव पद के लिए मुकाबला रोचक हो गया है। प्रधान पद के लिए एडवोकेट दिनेश गेरा, एडवोकेट सुभाष जांगू व एडवोकेट शशि बाला चुनाव मैदान में है। इस तरह प्रधान पद के लिए त्रिकोणा मुकाबला होगा। एडवोकेट दिनेश गेरा दूसरी बार प्रधान पद का चुनाव लड़ रहे है। दिनेश गेरा इससे पहले जिला बार एसोसिएशन के उपप्रधान, सचिव व सहसचिव पद पर रह चुके है। वहीं एडवोकेट सुभाष जांगू पहली बार प्रधान पद चुनाव लड़ रहे है। वीरवार को चुनाव अधिकारी राकेश गर्ग, सदस्य कमलेश वशिष्ठ, आरएस चतरथ, प्रेम परमजीत कौर, राजेश गांधी व अनुज आनंद ने उपप्रधान पद के लिए सितेन्द्र बिश्नोई, सहसचिव पद के लिए शम्मी कुमार, वित सचिव के लिए संदीप श्योराण व पुस्कालय प्रभारी के लिए सुनील कुमार के निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की।

## कूड़ाघर बनाने को लेकर किया विरोध

- गांव मोरीवाला ने उपायुक्त और सीएम से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा


**सिरसा।** गांव मोरीवाला में नाथोवाला मौहल्ला में लगा कूड़े का ढेर। **फोटो : हरिभूमि**

निकटवर्ती गांव मोरीवाला में मोहल्ला नाथो वाला में जलघर के साथ बनाए जा रहे कूड़ाघर और गंदगी डाले जाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध करते हुए उपायुक्त और मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस कूड़ाघर का तत्काल निर्माण कार्य रूकवाकर गांव से बाहर पंचायती भूमि पर बनाया जाए, आबादी के बीच में कूड़ाघर बनने से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ जाएगा।

गांव मोरीवाला में मोहल्ला नाथो वाला निवासी राधिका,चश्मा बाई, ममता, देविका, अविनेशनाथ, प्रियंका, रोहताश नाथ, मनजीत सिंह निर्मला, वाणी, चंद्रकांता,मलखान, सतपाल नाथ, कर्मवीरनाथ, बलदेव सिंह, हरदीप सिंह सुभाषनाथ, बलदेवनाथ, सुरेशनाथ, रमेशनाथ, लाजवंती, शिमला, प्रधान राजकुमार, बाबूनाथ, लालीनाथ आदि ने 11 फरवरी को समाधान शिविर में शिकायत देते हुए कहा है कि उनके मोहल्ला नाथवाला में आबादी के बीच ही जलघर बना हुआ है। इसी जलघर के साथ कूड़ाघर बनाकर चारदीवारी की जा रही है, साथ ही उक्त स्थान पर कूड़ा डाला जाने लगा है। गंदगी के कारण बीमारी फै लनें का खतरा रहता है साथ ही बदबू से जीना भी दूभर हो जाएगा। ग्रामीणों ने उपायुक्त से कूड़ाघर का निर्माण रूकवाने और इसे गांव से दूर बनवाने की मांग की है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सीएम विंडो पर भी है।

## होटल, कैफे संचालकों पर पुलिस सख्त, जांचे रिकॉर्ड

- ठहरता वाले व्यक्तियों का रजिस्टर में पूर्ण नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट करने के आदेश


**सिरसा।** जांच करती डबवाली पुलिस की टीम।

**डबवाली।** डबवाली पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए होटल, धर्मशाला व कैफे पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में संचालकों की समय-समय पर मीटिंग भी ली जा रही है। शुक्रवार को सुरक्षा शाखा प्रभारी सुभाष चंद्र व महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में होटल, रेस्टोरेंट, कैफे में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभारी सुरक्षा शाखा व प्रभारी महिला थाना ने होटल में काम करने वाले कर्मचारियों को वेरिफिकेशन व रुकने वाले व्यक्तियों का रजिस्टर के निर्देश दिए। इस दौरान सुभाष चंद्र व महिला उप नि. कमला देवी ने निर्देश दिए कि उनके पास आने वाले लोगों को बिना आईडी कार्ड के किसी भी व्यक्ति को कमरा नहीं दिया जाए। जो व्यक्ति ठहरता है उसका रजिस्टर में पूर्ण नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट करें।

**सुविधा** भारत संचार निगम लिमिटेड की आईएफटीवी सेवा शुरू

# बिना अतिरिक्त शुल्क के यूजर्स देख सकेंगे एचडी टीवी चैनल

एजीएम रघवीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** बैठक की अध्यक्षता करते एजीएम रघवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

भारत संचार निगम लिमिटेड के उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। क्योंकि बीएसएनएल की ओर से फतेहाबाद जिले में इंटरनेट फाइबर आधारित लाइव टीवी यानी आईएफटीवी सेवा की शुरुआत कर दी है, जिससे यूजर्स हाई क्वालिटी वाले लाइव टीवी चैनल और पे टीवी की सुविधा ले पाएंगे। खास बात यह है कि इन सुविधाओं के लिए उपभोक्ता को अलग से कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा और ना ही अलग से उन्हें कोई सेटअप बॉक्स लगाने की आवश्यकता होगी। इस संबंध में शुक्रवार को भारत संचार निगम लिमिटेड के कार्यालय में एजीएम रघवीर सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्हें आईएफटीवी सर्विस के विस्तार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। और यूजर्स को उनकी नई शुरू की गई सर्विस के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

#### उपभोक्ता को स्काइप प्रो आईएफटीवी

एजीएम रघवीर सिंह ने बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड के उपभोक्ता अब 500 से अधिक लाइव चैनल का आनंद हाई डेफिनेशन एचडी के साथ बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ले सकते हैं। उपभोक्ता को अपनी स्मार्ट एलईडी व एंड्रॉयड एलईडी में स्काइप प्रो आईएफटीवी एप को इंस्टॉल करना होगा। इसके बाद किसी भी डीटीएच कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने बताया कि जिले में फतेहाबाद, भट्टू, भूना, रतिया, टोहाना और जाखल में 22 दिसंबर 2024 से आईएफटीवी की सेवाएं शुरू हो गई है। जिले में करीब 10500 बीएसएनएल के फाइबर उपभोक्ता है, जिनमें से अब तक करीब 1100 से अधिक उपभोक्ताओं ने आईएफटीवी की सुविधा लेना शुरू कर दी है। एजीएम रघवीर सिंह ने अन्य कंपनियों से बीएसएनएल आईएफटीवी को बेहतर बताते हुए कहा कि रिलायंस जियो और भारती एयरटेल की लाइव टीवी सेवाओं में स्ट्रीमिंग डेटा मासिक डेटा कोटा से काटा जाता है, जबकि बीएसएनएल की आईएफटीवी में ऐसा नहीं होगा। क्योंकि टीवी स्ट्रीमिंग के लिए इस्तेमाल किया गया डेटा उनके डेटा पैक से अलग रहेगा और एफटीटीएच पैक से नहीं काटा जाएगा।